HINDI

11 अगस्त 2023

Dr. Horton का साप्ताहिक पारिवारिक संदेश

-मसौदा-

2023-24 स्कूल वर्ष की शुरुआत वाकई शानदार रही है! स्कूलों के वातावरण में ऊर्जा, खुशी और लक्ष्य प्राप्ति के लिए जोश को महसूस किया जा सकता है। मुझे 25 से भी ज़्यादा स्कूलों का दौरा करने का मौका मिला और वहां मुझे मिली गर्मजोशी और अपनेपन ने मुझ में प्रेरणा का संचार किया। मैं एक बार फिर से यकीन से कह सकता हूं कि सार्वजनिक शिक्षा के माध्यम से लोगों की ज़िंदगी को बदला जा सकता है। याद रखें कि हमारा कर्तव्य लोगों की ज़िंदगी को बेहतर बनाना है।

खुशखबरी: अकेले इसी सप्ताह हमने नए शिक्षकों की नियुक्ति के माध्यम से खाली पड़े शिक्षक पदों में 15% कटौती की है! शिक्षक भर्ती से जुड़े हर कर्मचारी की मैं सराहना करता हूं और चाहता हूं कि हमारी टीम में शामिल होने वाले ये सभी कर्मठ शिक्षक अपनी पूरी ताकत से हर विद्यार्थी का विकास करें और उनमें छिपी संभावनाओं का पता लगाते हुए उन्हें नई राह दिखाएं। अभी बहुत काम बाकी है, लेकिन यह खबर बहुत ही अच्छी है!

सुधार के लिए अपनी "उत्कृष्टता की प्राप्ति" पद्धति के माध्यम से हम इस जोश को कायम रखेंगे। पारम्परिक शिक्षा में फेरबदल करते हुए और हर विद्यार्थी को शिक्षा के बेहतर अनुभव देने के लिए हम पूरी रणनीति के साथ शिक्षा की मौजूदा प्रणाली को चुनौती दे रहे हैं।

आपका बच्चा अच्छी शिक्षा ग्रहण करे इसके लिए आपकी सक्रिय भूमिका अहम है। साथ मिलकर हमें एक ऐसी मज़बूत साझेदारी तैयार करनी है जो कि आपके बच्चे के अकादमिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास को सशक्त बनाए। स्कूल कार्यक्रमों में उपस्थित रहना और शिक्षकों और व्यवस्थापकों के संपर्क में रहना कुछ ऐसे छोटे लेकिन अनिवार्य कदम हैं जो आपके बच्चे की शिक्षा के अनुभव को बेहतर बनाएंगे। आइए, एक ऐसे सहायक नेटवर्क का निर्माण करें जो कि कुछ सीखने का उत्साह पैदा करता हो और आपके बच्चे के उज्ज्वल भविष्य में सहायता करता हो।

मुझे यह बताते हुए बहुत गर्व महसूस होता है कि हमने शानदार अकादमिक वर्ष के लिए ठोस नींव तैयार कर ली है। अपनी सबसे बेशकीमती चीज़, यानी अपने बच्चों को सार्थक, उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा दिलाने के लिए आपने हमारे ऊपर भरोसा किया, इसके लिए आपका धन्यवाद!

आपको हमारी शुभकामनाएं!